# राष्ट्रीय संगोष्ठी आज, तैयारियां पूरी

## स्वतंत्रता संग्राम : मैथिली साहित्य-संस्कृति ओ दर्शन विषय पर होगी चर्चा

**मधेपुरा/आरएनएन।** ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा और साहित्य अकादमी, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को स्वतंत्रता संग्राम : मैथिली साहित्य-संस्कृति ओ दर्शन विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ होने जा रहा है। बीएनएमयू के जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि महाविद्यालय में संगोष्ठी आयोजन से संबंधित सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

**कुलपति करेंगे उद्घाटन**

शुक्रवार को पू. 10 : 30 बजे मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. आर. के. पी. रमण संगोष्ठी का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर मैथिली परामर्श मंडल के संयोजक अशोक कुमार झा 'अविचल' को विषय प्रवर्तन करने और साहित्यकार ललितेश मिश्र को बीज वक्तव्य रखने की जिम्मेदारी दी गई है। समारोह की अध्यक्षता सुप्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. वीणा ठाकुर और धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाचार्य डॉ. के. पी. यादव करेंगे। अतिथियों का स्वागत साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली के उपसचिव एन. सुरेश बाबू और संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सुधांशु शेखर को करेंगे।

**तकनीकी सत्र में होगी आलेखों की प्रस्तुति**

उन्होंने बताया कि उद्घाटन समारोह के बाद दो बजे से प्रथम तकनीकी सत्र और चार बजे से द्वितीय तकनीकी सत्र आयोजित है। प्रथम तकनीकी सत्र में अध्यक्षा डॉ. वीणा ठाकुर (स्वतंत्रता संग्राम-मैथिली गीत-साहित्य) के अतिरिक्त डॉ. संजय कुमार मिश्र (मिथिलाक समवेत दार्शनिक चिन्तन आ स्वतंत्रता आंदोलन), शिवकुमार मिश्र (स्वतंत्रता संग्रामक परिपेक्षमे मिथिलाक सांस्कृतिक आ बौद्धिक योगदान) और भैरव लाल दास (स्वतंत्रता संग्राम - महात्मा गाँधी आ मिथिला) का आलेख पाठ होगा।द्वितीय सत्र में अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार झा 'अविचल' (स्वतंत्रता संग्राम- मैथिली कथा साहित्य), डॉ. के. पी. यादव (स्वतंत्रता संग्राममे मधेपुरा आ पूर्णियाक साहित्यिक, सांस्कृतिक आ बौद्धिक योगदान), डॉ. डी. एन. सिंह (मैथिली साहित्यमे उल्लिखित मिथिलाक स्वतंत्रता सेनानि) और सदानंद यादव (भारत छोड़ो आन्दोलन आ मैथिली साहित्य ओ समाज) का आलेख-पाठ सुनिश्चित है।

**दूसरे दिन होगा दो सत्र**

उन्होंने बताया कि दूसरे दिन शनिवार को पू. दस बजे से तृतीय एवं अ. बारह बजे से चतुर्थ तकनीकी सत्र होगा। तृतीय सत्र में सत्राध्यक्ष ताराचंद वियोगी (स्वतंत्रता संग्राम आ मैथिली सन्त साहित्य), अजीत मिश्र (स्वतंत्रता संग्राम आ मैथिली काव्य साहित्य) एवं डॉ उपेंद्र प्रसाद यादव (स्वतंत्रता संग्राम आ मैथिलीक उपन्यास) का आलेख पाठ होगा। चतुर्थ सत्र में सत्राध्यक्ष डॉ. रामनरेश सिंह (स्वतंत्रता संग्राम आ कोशी परिसर), डॉ. अमोल राय (मैथिली लोक साहित्य आ स्वतंत्रता संग्राम) एवं रवींद्र कुमार चौधरी (स्वतंत्रता संग्राम आ मैथिली नाट्य साहित्य) अपने-अपने आलेख प्रस्तुत करेंगे।

# टीपी कालेज में राष्ट्रीय सेमिनार का कुलपति आज करेंगे शुभारंभ

**संवाद सूत्र, सिंहेश्वर (मधेपुरा) :** बीएन मंडल विवि अंतर्गत ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय मधेपुरा और साहित्य अकादमी, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को स्वतंत्रता संग्राम : मैथिली साहित्य-संस्कृति ओ दर्शन विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का शुभारंभ होगा।

बीएनएमयू के जनसंपर्क पदाधिकारी डा. सुधांशु शेखर ने बताया कि महाविद्यालय में संगोष्ठी आयोजन से संबंधित सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। दिन के 10:30 बजे मुख्य अतिथि कुलपति डा. आरकेपी रमण संगोष्ठी का उद्घाटन करेंगे। समारोह की अध्यक्षता सुप्रसिद्ध साहित्यकार डा. वीणा ठाकुर और धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाचार्य डा. केपी यादव करेंगे। उन्होंने बताया कि उद्घाटन समारोह के बाद दो बजे से प्रथम तकनीकी सत्र और चार बजे से द्वितीय तकनीकी सत्र आयोजित है। प्रथम तकनीकी सत्र में अध्यक्षा डा. वीणा ठाकुर (स्वतंत्रता संग्राम-मैथिली गीत-साहित्य) के अतिरिक्त डा. संजय कुमार मिश्र (मिथिलाक समवेत दार्शनिक चिंतन स्वतंत्रता आंदोलन), शिवकुमार मिश्र (स्वतंत्रता संग्रामक परिपेक्ष में मिथिलाक सांस्कृतिक बौद्धिक योगदान) और भैरव लाल दास (स्वतंत्रता संग्राम- महात्मा गांधी मिथिला) का आलेख पाठ होगा। द्वितीय सत्र में अध्यक्ष डा. अशोक कुमार झा अविचल (स्वतंत्रता संग्राम- मैथिली कथा साहित्य), डा. केपी यादव (स्वतंत्रता संग्राममे मधेपुरा पूर्णिया साहित्यिक, सांस्कृतिक बौद्धिक योगदान), डा. डीएन सिंह (मैथिली साहित्यमे उल्लिखित मिथिलाक स्वतंत्रता सेनानी) और सदानंद यादव (भारत छोड़ो आन्दोलन और मैथिली साहित्य समाज) का आलेख-पाठ होगा।

दैनिक भास्कर
मधेपुरा 12-05-2022

# टीपी कॉलेज में राष्ट्रीय सेमिनार 13-14 मई को, तैयारी जारी

भास्कर न्यूज | मधेपुरा

टीपी कॉलेज और साहित्य अकादमी, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में 13-14 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय संगोष्ठी की तैयारियां जारी हैं। प्रधानाचार्य डॉ. केपी यादव ने बीएनएमयू के उप कुलसचिव (अकादमिक) डॉ. सुधांशु शेखर और महाविद्यालय में मैथिली विभाग के अध्यक्ष डॉ. उपेंद्र प्रसाद यादव के साथ तैयारियों की समीक्षा की। प्रधानाचार्य ने बताया कि आजादी का अमृत महोत्सव वर्ष में स्वतंत्रता संग्राम : मैथिली साहित्य-संस्कृति ओ दर्शन विषयक संगोष्ठी का आयोजन महाविद्यालय के लिए गौरव की बात है। महाविद्यालय परिवार इस आयोजन को सभी दृष्टियों से सफल एवं यादगार बनाने को तत्पर है। कार्यक्रम की रूपरेखा तय जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया संगोष्ठी की संपूर्ण रूपरेखा तय कर ली गई है और सभी संबंधित व्यक्तियों को आमंत्रण पत्र हस्तगत कराया जा रहा है। कार्यक्रमानुसार सिर्फ चयनित विद्वानों को आलेख पाठ का मौका, जबकि विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर विभाग और विभिन्न महाविद्यालयों में कार्यरत मैथिली विषय के शिक्षक एवं शोधार्थी चर्चा में भाग ले सकेंगे। पूरे कार्यक्रम का घर बैठे यू-ट्यूब चैनल बीएनएमयू संवाद के माध्यम से लाइव प्रसारण भी देखा जा सकेगा।

प्रभात खबर
अखबार नहीं आंदोलन

# राष्ट्रीय संगोष्ठी आज, तैयारी पूरी

**स्वतंत्रता संग्राम : मैथिली साहित्य-संस्कृति ओ दर्शन विषय पर होगी चर्चा**

**प्रतिनिधि, मधेपुरा**

ठाकुर प्रसाद कॉलेज और साहित्य अकादमी नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को स्वतंत्रता संग्राम : मैथिली साहित्य-संस्कृति ओ दर्शन विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ होने जा रहा है. बीएनएमयू के जनसंपर्क पदाधिकारी डा सुधांशु शेखर ने बताया कि कॉलेज में संगोष्ठी आयोजन से संबंधित सभी तैयारी पूरी कर ली गयी है.

## कुलपति करेंगे उद्घाटन

शुक्रवार को मुख्य अतिथि कुलपति डा आरकेपी रमण संगोष्ठी का उद्घाटन करेंगे. इस अवसर पर मैथिली परामर्श मंडल के संयोजक अशोक कुमार झा 'अविचल' को विषय प्रवर्तन करने और साहित्यकार ललितेश मिश्र को बीज वक्तव्य रखने की जिम्मेदारी दी गयी है. समारोह की अध्यक्षता सुप्रसिद्ध साहित्यकार डा वीणा ठाकुर और धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाचार्य डा केपी यादव करेंगे. अतिथियों का स्वागत साहित्य एकदामी नई दिल्ली के उपसचिव एन सुरेश बाबू और संचालन असिस्टेंट प्रो सुधांशु शेखर को करेंगे.

## तकनीकी सत्र में होगी आलेखों की प्रस्तुति

उन्होंने बताया कि उद्घाटन समारोह के बाद दो बजे से प्रथम तकनीकी सत्र और चार बजे से द्वितीय तकनीकी सत्र आयोजित है. प्रथम तकनीकी सत्र में अध्यक्षा डा वीणा ठाकुर (स्वतंत्रता संग्राम-मैथिली गीत-साहित्य) के अतिरिक्त डा संजय कुमार मिश्र (मिथिलाक समवेत दार्शनिक चिन्तन आ स्वतंत्रता आंदोलन), शिवकुमार मिश्र (स्वतंत्रता संग्रामक परिपेक्ष में मिथिलाक सांस्कृतिक आ बौद्धिक योगदान) व भैरव लाल दास (स्वतंत्रता संग्राम - महात्मा गांधी आ मिथिला) का आलेख पाठ होगा. द्वितीय सत्र में अध्यक्ष डा अशोक कुमार झा 'अविचल' (स्वतंत्रता संग्राम- मैथिली कथा साहित्य), डा केपी यादव (स्वतंत्रता संग्राम में मधेपुरा आ पूर्णियाक साहित्यिक, सांस्कृतिक आ बौद्धिक योगदान), डा डीएन सिंह (मैथिली साहित्य में उल्लिखित मिथिलाक स्वतंत्रता सेनानि) और सदानंद यादव (भारत छोड़ो आन्दोलन आ मैथिली साहित्य ओ समाज)का आलेख-पाठ सुनिश्चित है.

## दूसरे दिन होगा दो सत्र

उन्होंने बताया कि दूसरे दिन शनिवार को दस बजे से तृतीय व बारह बजे से चतुर्थ तकनीकी सत्र होगा. तृतीय सत्र में सत्राध्यक्ष ताराचंद वियोगी (स्वतंत्रता संग्राम आ मैथिली सन्त साहित्य), अजीत मिश्र (स्वतंत्रता संग्राम आ मैथिली काव्य साहित्य) व डा उपेंद्र प्रसाद यादव (स्वतंत्रता संग्राम आ मैथिलीक उपन्यास) का आलेख पाठ होगा. चतुर्थ सत्र में सत्राध्यक्ष डा रामनरेश सिंह (स्वतंत्रता संग्राम आ कोशी परिसर), डा अमोल राय (मैथिली लोक साहित्य आ स्वतंत्रता संग्राम) व रवींद्र कुमार चौधरी (स्वतंत्रता संग्राम आ मैथिली नाट्य साहित्य) आलेख प्रस्तुत करेंगे.

हिन्दुस्तान
www.livehindustan.com



## स्वतंत्रता संग्राम : मैथिली साहित्य-संस्कृति व दर्शन विषय पर की जाएगी चर्चा

# टीपी कॉलेज में राष्ट्रीय संगोष्ठी आज

**02** बजे से प्रथम तकनीकी सत्र का होगा आयोजन

**02** दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार की तैयारी पूरी

- साहित्य अकादमी व टीपी कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में सेमिनार
- सेमिनार का शुभारंभ बीएनएमयू के कुलपति डॉ. आरकेपी रमण करेंगे

**मधेपुरा, निज प्रतिनिधि।** ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा और साहित्य अकादमी, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को स्वतंत्रता संग्राम : मैथिली साहित्य-संस्कृति ओ दर्शन विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ होने जा रहा है। सेमिनार की तैयारी पूरी कर ली गई है।

सेमिनार का शुभारंभ कुलपति डॉ. आरकेपी रमण करेंगे। इस अवसर पर मैथिली परामर्श मंडल के संयोजक अशोक कुमार झा अविचल को विषय प्रवर्तन करने और साहित्यकार ललितेश मिश्र को बीज वक्तव्य रखने की जिम्मेदारी दी गई है। समारोह की अध्यक्षता साहित्यकार डॉ. वीणा ठाकुर और धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाचार्य डॉ. केपी यादव करेंगे। अतिथियों का स्वागत साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली के उपसचिव एन. सुरेश बाबू और संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सुधांशु शेखर को करेंगे। सेमिनार के तकनीकी सत्र में होगी आलेखों की प्रस्तुति दी जाएगी। दो बजे से प्रथम तकनीकी सत्र और चार बजे से द्वितीय तकनीकी सत्र आयोजित है। प्रथम तकनीकी सत्र में अध्यक्षा डॉ. वीणा ठाकुर (स्वतंत्रता संग्राम-मैथिली गीत-साहित्य) के अतिरिक्त डॉ. संजय कुमार मिश्र (मिथिलाक समवेत दार्शनिक चिन्तन आ स्वतंत्रता आंदोलन), शिवकुमार मिश्र (स्वतंत्रता संग्रामक परिपेक्षमे मिथिलाक सांस्कृतिक आ बौद्धिक योगदान) व भैरव लाल दास (स्वतंत्रता संग्राम - महात्मा गांधी आ मिथिला) का आलेख पाठ होगा।द्वितीय सत्र में अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार झा अविचल (स्वतंत्रता संग्राम-मैथिली कथा साहित्य), डॉ. केपी यादव (स्वतंत्रता संग्राम में मधेपुरा आ पूर्णियाक साहित्यिक, सांस्कृतिक आ बौद्धिक योगदान), डॉ. डी एन सिंह (मैथिली साहित्यमे उल्लिखित मिथिलाक स्वतंत्रता सेनानि) और सदानंद यादव (भारत छोड़ो आन्दोलन आ मैथिली साहित्य ओ समाज)

का आलेख-पाठ करेंगे। सेमिनार के दूसरे दिन शनिवार को तृतीय एवं चतुर्थ तकनीकी सत्र होगा। तृतीय सत्र में सत्राध्यक्ष ताराचंद वियोगी (स्वतंत्रता संग्राम आ मैथिली सन्त साहित्य), अजीत मिश्र (स्वतंत्रता संग्राम आ मैथिली काव्य साहित्य) एवं डॉ उपेंद्र प्रसाद यादव (स्वतंत्रता संग्राम ओ मैथिलीक उपन्यास) का आलेख पाठ होगा। चतुर्थ सत्र में सत्राध्यक्ष डॉ. रामनरेश सिंह (स्वतंत्रता संग्राम आ कोशी परिसर), डॉ. अमोल राय (मैथिली लोक साहित्य आ स्वतंत्रता संग्राम) एवं रवींद्र चौधरी (स्वतंत्रता संग्राम आ मैथिली नाट्य साहित्य) अपने-अपने आलेख प्रस्तुत करेंगे।